## कार्यालयः– जिला एवं सेशन न्यायाधीश, जयपुर महानगर–द्वितीय (राज.)

क्रमांकः– भण्डार / 2024–25 / 561 दिनांकः– 29-11-2024

## निविदा सूचना संख्या–1

इस न्यायालय एवं इसके अधीनस्थ न्यायालय तथा विशिष्टि न्यायालयों में प्रिन्टर कार्टिज सामग्री (ऑरिजिनल) क्रय किये जाने हेतु अधिकृत डीलर्स / निर्माताओ आदि से निम्नानुसार मुहरबन्द निविदाये आमन्त्रित की जाती हैः–

| क0स0 | निविदा का नाम | अनुमानित लागत | अमानता राशि | निविदा फार्म शुल्क |
|---|---|---|---|---|
| (1) | प्रिन्टर कार्टिज क्रय वर्ष 2024–25 | रूपये 5.22 लाख | 10,440 / – | 200 / – |

इस कार्यालय से निविदा प्रपत्र निविदा प्रकाशन तिथि से दिनांक 12.12.2024 को दोपहर 1:00 तक क्रय किये जाकर दिनांक 12.12.2024 को अपरान्ह 3:00 बजे तक प्रस्तुत किये जा सकते है जो दिनांक 13.12.2024 को ही अपरान्ह 4:30 बजे क्रय समिति द्वारा उपस्थित निविदादाताओ के समक्ष खोले जावेगें निविदा का सम्पूर्ण विवरण एव शर्ते राज्य सरकार की वेबसाईट www.sppp.rajasthan.gov.in व https://jaipurmetro2.dcourts.gov.in पर तथा इस कार्यालय में देखी जा सकती है।

अध्यक्ष
क्रय समिति
जिला एवं सेशन न्यायालय,
जयपुर महानगर–द्वितीय

क्रमांकः– 561 – दिनांकः– 29-11-2024

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. श्रीमान जिला एवं सेशन न्यायाधीश, जयपुर महानगर–द्वितीय।
2. श्रीमान प्रभारी अधिकारी, केन्द्रीय लेखा शाखा, जयपुर महानगर–द्वितीय।
3. नोटिस बोर्ड / आदेश पत्रावली / सम्बन्धित पत्रावली।
4. सिस्टम ऑफीसर जयपुर महानगर द्वितीय को लेख है कि उक्त निविदा सूचना व निविदा प्रपत्र विभागीय बेबसाइट पर अपलोड करे।

अध्यक्ष
क्रय समिति
जिला एवं सेशन न्यायालय,
जयपुर महानगर–द्वितीय

## कार्यालय : जिला एवं सेशन न्यायाधीश, जयपुर महानगर–द्वितीय

### दर संविदा हेतु – तकनीकी निविदा प्रारूप (पृथक लिफाफे में)

निविदा प्रपत्र शुल्क 200/–(वापसी योग्य नहीं)

| क्र. सं0 | कार्य का नाम | प्रिंटर कार्ट्रिज क्रय वर्ष 2024–24 |
|---|---|---|
| 1. | अनुमानित राशि | रूपये 5.22 लाख |
| 2. | अमानता राशि | 10,440/–अक्षरे (दस हजार चार सौ चालीस रूपये मात्र) |
| 3. | निविदा प्रपत्र बेचने की अंतिम तिथि एंव समय | दिनांक 12.12.2024 दोपहर 1.00 बजे तक |
| 4. | निविदा प्रपत्र प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | दिनांक 12.12.2024 दोपहर 3.00 बजे तक |
| 5. | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | दिनांक 13.12.2024 शाम 4.00 बजे |
| 6. | निविदा प्रस्तुत करने वाली फर्म का नाम व पता मय मोबाईल नं0 | ............................................................... ............................................................... ............................................................... ........... |
| 7. | किसको संबोधित किया गया है | जिला एवं सेशन न्यायाधीश, जयपुर महानगर–द्वितीय |
| 8. | निविदा शुल्क की राशि | 200/– |
| 9. | नकद रसीद सं0 व दिनांक<br>डीडी नं. व दिनांक | |
| 10. | अमानता राशि/बैंकर्स चैक/डीडी क्रमांक व दिनांक बैंक मय शाखा का नाम व राशि | |
| 11. | पेन कार्ड नं0 प्रति | |
| 12. | एस एस आई यूनिट रजिस्ट्रेशन प्रति यदि हो | |
| 13. | रूपये 50/–के नॉन ज्यूडिशियल के स्टाम्प पर घोषणा संलग्न प्रारूप–ANNEXURE (A) | |
| 14. | आईएसओ/ सर्टिफिकेट का विवरण, यदि कोई हो तो। | |
| 15. | जीएसटी रजिस्ट्रेशन नम्बर सर्टिफिकेट प्रति | |
| 16. | गत दो वर्ष (2022–23, 2023–24) का प्रति वित्तीय वर्ष वार्षिक टर्न ओवर न्यूनतम राशि रू0 दस लाख होने के प्रमाण के रूप में सी.ए. सर्टिफिकेट आदि की प्रति | |
| 17. | राजकीय कार्यालय में आपूर्ति का अनुभव प्रमाण पत्र गत दो वर्ष का एवं संतोषप्रद आपूर्ति का प्रमाण पत्र | |
| 18. | अधिकृत डीलर/ निर्माता होने का प्रमाण–पत्र की प्रति | |

निविदादाता हस्ताक्षर मय सील

## कार्यालय : जिला एवं सेशन न्यायाधीश, जयपुर महानगर–द्वितीय

## दर संविदा हेतु – तकनीकी निविदा प्रारूप

19. प्रस्तुत तकनीकी सामग्री का विवरण :–

| S.No. | DESCRIPTION OF PRINTERS | CARTRIDGE NAME (Original) | सामग्री उपलब्ध / अनुपलब्ध (यदि प्रदाता उक्त सामग्री का निर्माता / अधिकृत डीलर हो तो संबंधित सामग्री के सामने उपलब्ध अंकित करें अन्यथा अनुपलब्ध) |
|---|---|---|---|
| 1 | SAMSUNG – 2880 | SAMSUNG – 115l | |
| 2 | CANON LBP 151DW | CANON 337 | |
| 3 | BROTHER – 2321D | BROTHER – 2365 | |
| 4 | KYOCERA --2235DN | KYOCERA – TK-1158 | |
| 5 | KYOCERA – 2201 (Photocopy) | KYOCERA – TK 4109 | |
| 6 | HP 1136A | HP 88A | |
| 7 | HP 1566 | HP 78A | |
| 8 | HP 208 DW | HP 137X | |
| 9 | RICOH SP313DN2V | SP200/SP210 UNI | |

निविदादाता हस्ताक्षर मय सील

# कार्ट्रिज क्रय के लिए दर संविदा हेतु निविदा के नियम एवं शर्तें

1. निविदा प्रपत्र निर्धारित तिथि एवं निर्धारित समय तक कार्यालय समय में इस कार्यालय की लेखा शाखा में कैशियर से निर्धारित शुल्क देकर प्राप्त किया जा सकता है। निविदा की शर्तें भी कार्यालय समय में इस कार्यालय में अथवा ऑनलाइन देखी जा सकती हैं। ऑनलाइन निविदा प्रिन्ट लेकर भरने की स्थिति में निविदा शुल्क राशि का डी.डी./बैंकर्स चैक संलग्न करना होगा।

2. निविदाएं पूर्ण रूप से भरी जाकर सीलबंद लिफाफे में भेजी जानी है। लिफाफे पर कम्प्यूटर प्रिन्टर कार्टिज आदि के लिए निविदा स्पष्ट रूप से अंकित होना चाहिए। निविदाकर्ता निविदा के सभी पृष्ठों पर मोहर सहित हस्ताक्षर करेंगे।

3. निविदा के तहत तकनीकी बिड एवं प्राईस बिड अलग–2 लिफाफों में प्रस्तुत की जायेगी तकनीकी बिड में योग्य पाई गयी फर्मो/निविदाकारों के ही प्राईस बिड खोले जायेगे।

4. निविदादाता को निविदा प्रपत्र के अनुरूप 2 प्रतिशत राशि का बैंकर्स चैक/डी.डी. जो कि जिला एवं सेशन न्यायाधीश जयपुर महानगर–द्वितीय के नाम से देय हो के रूप में अमानत राशि हेतु निविदा के साथ संलग्न करना होगा।

5. चैक या अन्य प्रकार से अमानता राशि स्वीकार नहीं की जायेगी। बिना अमानता राशि के निविदा पर विचार नहीं किया जावेगा। एस एस आई यूनिटो/रूग्ण ईकाईयो को नियमानुसार निर्धारित सीमा तक छूट देय होगी। अमानत राशि निविदा के अनुसार ही प्रस्तुत करनी है।

6. निर्धारित तिथि एवं निर्धारित समय के बाद प्राप्त निविदाओं पर विचार नहीं किया जायेगा।

7. यदि निविदादाता द्वारा निविदा खोलने के बाद किन्तु निविदा स्वीकार करने से पहले प्रस्ताव को वापस लेता है या विहित करार निष्पादित नहीं करता है या निविदा स्वीकार करने के बाद या आदेशित सामग्री की आपूर्ति करने में विफल रहता हैं, तो जमा राशि जब्त कर ली जायेगी।

8. यदि कोई निविदा प्रपत्र बिना धरोहर राशि के अथवा निर्धारित अमानत राशि अथवा निविदा शुल्क के बिना या कम का पाया जाता हैं तो उसे बिना कारण बताये अस्वीकार करने का अधिकार क्रय समिति के पास होगा।

9. निविदा प्रपत्र के साथ आयकर चुकता प्रमाण पत्र, पेन नम्बर, जी.एस.टी. पंजियन एवं चुकता प्रमाण पत्र संलग्न होना चाहिए।

10. निविदादाताओं को निर्माता/अधिकृत डीलर होने का प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा।

11. सफल निविदादाता को दर अनुमोदन पत्र प्राप्ति के 7 दिवस के भीतर नियमानुसार निर्धारित राशि 500 रूपये के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पर निर्धारित प्रारूप में अनुबंध प्रस्तुत करना होगा।

12. संबंधित सफल फर्म को सामग्री की आपूर्ति कार्यालय आदेश प्राप्ति पर 14 दिवस में पूर्ण करनी होगी। निविदा में वर्णित दरों के संबंध में बाजार में किसी भी प्रकार की मूल्य वृद्धि होती है तो इसकी जिम्मेवारी संबंधित फर्म की होगी।

13. यदि क्रेता अधिकारी निविदत्त सामग्री की खरीद नहीं करता है या निविदा सूचना में निर्दिष्ट मात्रा से कम क्रय करता है तो निविदादाता किसी प्रकार की क्षतिपूर्ति प्राप्त करने का अधिकारी नहीं होगा।

14. कार्ट्रिज क्रय हेतु दर संविदा की दरें अधिकृत डीलर्स/निर्माताओं द्वारा ही प्रस्तुत की जावेंगी।

15. निविदायें मुहरबन्द लिफाफे में प्रस्तुत की जाये, दरों पर कांट छांट अथवा ओवर राईटिंग न हो तथा दरें साफ स्याही से शब्दों में एवं अंको में अकिंत की जाये तथा शून्य, ऋणात्मक व पैसों में अंकित नहीं की जावे एवं निविदादाता द्वारा प्रत्येक त्रुटि (यदि कोई हो) पर दिनांक सहित हस्ताक्षर किये जायें।

16. सशर्त निविदा दरें स्वीकार नही की जायेगी।

17. निविदा दरों में समस्त चुंगी किराया–भाड़ा या अन्य कोई राशि जो भुगतान योग्य है, को जोडकर एफ ओ आर दरें स्टोर, जिला एवं सैशन न्यायालय, जयपुर महानगर द्वितीय की दी जायेगी।

18. सफल निविदादाता/दाताओ को सप्लाई आदेश की राशि RTPP ACT/नियमानुसार प्रतिभूति के रूप मे जमा करवानी होगी, जिसमें अमानता राशि का समायोजन किया जा सकेगा। एस एस आई ईकाइयों/रूग्ण ईकाईयों को नियमानुसार सीमा तक छूट देय होगी।

19. सफल निविदादाता फर्म/फर्मों को नियमानुसार एक अनुबन्ध पत्र का निष्पादन स्वयं के खर्चे पर संपादित करना होगा।

20. फर्म को जारी सप्लाई आदेश के अनुसार निर्धारित अवधि में एक साथ ही पूर्ण माल सप्लाई करना होगा। विलम्ब के लिए सामान्य वित्तीय एवं लेखा नियम के अनुसार कार्यवाही की जायेगी।

21. दरों पर यदि किसी प्रकार का कर/प्रभार हो तो उसका उल्लेख किया जावेगा। बिना उल्लेख किये प्रस्तुत दरें समस्त कर/प्रभार सहित मानी जावेगी।

22. माल की आपूर्ति संबंधित न्यायालयों के कार्यालय में क्रय आदेश के निर्देशानुसार एफ ओ आर की जायेगी, जिसका अलग से कोई भाडा लोडिंग–अनलोडिंग, पैंकिंग आदि का चार्जेज देय नही होगा।

23. अनुमोदित दरें वित्तीय वर्ष 2024–25 की समाप्ति तक मान्य होगी।

24. दरें स्वीकार नहीं होने पर अमानत राशि नियमानुसार लौटा दी जावेगी।

25. आपूर्ति जिला एवं सेशन न्यायालय, जयपुर महानगर द्वितीय एवं उसके अधीनस्थ न्यायालय से आदेश के तहत प्राप्त सामान सही एवं निविदा मापदण्डों के अनुसार होने पर फर्म को भुगतान संबंधित न्यायालय से कर दिया जावेगा।

26. आपूर्ति की जा रही सामग्री निर्धारित मापदण्डो के अनुरूप नहीं होने पर ऐसी सामग्री को आपूर्तिकर्ता की जोखिम पर रदद कर दिया जायेगा, जिसे आपूर्तिकर्ता अपने खर्चे पर बदल कर आपूर्ति करेगा एवं रदद की गई सामग्री वापस प्राप्त करेगा।

27. वारण्टी अवधि का स्पष्ट उल्लेख किया जावेगा। आपूर्ति किये गये सामान में वारण्टी अवधि के दौरान किसी भी प्रकार का डिफेक्ट पाये जाने पर फर्म का पूर्ण उत्तरदायित्व होगा।

28. निविदा प्रपत्र मे दी गई सामग्री की मात्रा के स्थान पर वास्तविक आपूर्ति हेतु आदेश नियमानुसार सीमा तक कम या अधिक या शून्य भी हो सकता है।

29. उक्त शर्तो के अतिरिक्त अन्य सभी शर्ते राज0 लोक उपापन में पारदर्शिता नियम 2013 एवं अधिनियम 2012, सामान्य वित्तीय एवं लेखा नियम तथा माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय द्वारा समय–समय पर जारी निर्देशो के अनुसार मान्य होगी।

30. आपूर्तिकर्ता फर्म के सप्लाइ किए जा रहे सामान का कोई अग्रिम भुगतान नहीं किया जायेगा।

31. कोई भी विवाद होने की स्थिति में जिला एवं सेशन न्यायाधीश जयपुर महानगर–द्वितीय का निर्णय अन्तिम एवं मान्य होगा।

32. निविदादाताओं द्वारा निविदा प्रपत्र में शर्तो के प्रत्येक पृष्ठ पर अपने हस्ताक्षर मय सील करने होंगे।

33. गत दो वर्षो का औसत टर्न ओवर 10 लाख रू0 प्रति वर्ष से अधिक होना चाहिए।

34. तकनीकी निविदा में सफल बोलीदाता की ही वित्तीय निविदा पर विचार किया जावेगा।

35. निविदायें मुहरबन्द लिफाफे में प्रस्तुत की जाये, दरों पर कांट छांट अथवा ओवर राईटिंग न हो तथा दरें साफ स्याही से शब्दों में एवं अंको में अकिंत की जाये एव निविदादाता द्वारा प्रत्येक त्रुटि (यदि कोई हो )पर दिनांक सहित हस्ताक्षर किये जायें।

36. सफल निविदादाता/दाताओ को सप्लाई आदेश की 5% राशि प्रतिभूति के रूप मे जमा करवानी होगी, जिसमें अमानता राशि का समायोजन किया जा सकेगा। एस एस आई ईकाइयों/रूग्ण ईकाईयों को नियमानुसार सीमा तक छूट देय होगी।

37. आपूर्तिकर्ता फर्म अधिनियम के तहत पंजीकृत फर्म होनी चाहिए एवं वैट/जीएसटी आदि के नवीनतम क्लीयंरेस प्रमाण पत्र सम्बन्धित विभाग से जारी संलग्न होने चाहिए।

निविदादाता के हस्ताक्षर मय सील

**Annexure-'A'**

# घोषणा पत्र

**कार्यालय जिला एवं सेशन न्यायालय, जयपुर महानगर द्वितीय** के लिये खुली निविदा आमंत्रित सूचना की समस्त जानकारी/शर्तो का मैंने/हमने अच्छी तरह अध्ययन कर लिया है। मुझे/हमें यह भी स्वीकार है कि **जिला एवं सेशन न्यायालय, जयपुर महानगर द्वितीय** का निर्णय हमारे लिये मान्य होगा। यह भी प्रमाणित किया जाता है कि मेरी/हमारी फर्म उक्त कार्य हेतु अधिकृत है तथा फर्म द्वारा वास्तव में बिड में चाहा गया व्यवसाय किया जाता है तथा वांछित सामग्री उपलब्ध है। राज्य सरकार/बोर्ड/विश्वविद्यालय/स्वायतशासी संस्थान निगम/बैंक आदि के द्वारा मेरी/हमारी फर्म को ब्लैक लिस्ट, डिफाल्टर या अयोग्य नहीं किया गया है। दी गई दरें क्रेता अधिकारी के कार्यालय तक पहुँचाने की है।

यदि यह घोषणा असत्य पायी जाए तो किसी भी अन्य कार्यवाही जो की जा सकती है, पर प्रतिकुल प्रभाव डाले बिना बिड रद्द किया जा सकेगा।

मैं/हम घोषणा करता हूँ/करते है कि मैंने/हमने जिन वस्तुएँ/स्टोर्स/उपकरणों के लिये निविदा की है, उनका/उनके में/हम बोनाफाईड विनिर्माता/ प्राधिकृत डीलर/ हूँ/हैं।

यदि यह घोषणा असत्य पायी जाए तो किसी भी अन्य कार्यवाही जो कि मुझ/हम पर की जा सकती है, पर प्रतिकुल प्रभाव डाले बिना, मेरी/हमारी प्रतिभूति को पूर्ण रूप से समपृहत कर लिया जायेगा तथा निविदा को जिस सीमा तक उसे स्वीकार किया गया है रद्द कर दिया जायेगा।

दिनांक :–

निविदादाता के हस्ताक्षर मय रबर सील

निविदादाता का नाम :–..........................................................

पूर्ण पता :– ..........................................................................

.........................................................................................

मो./टेलीफोन नं. ..................................................................

कार्यालय : जिला एवं सेशन न्यायाधीश, जयपुर महानगर–द्वितीय

दर संविदा हेतु – वित्तीय निविदा प्रारूप (पृथक लिफाफे में)

| S.No. | DESCRIPTION OF PRINTERS CARTRIDGE **(OEM)** | Cartage Name | दर रूपये में (समस्त कर व प्रभार सहित) |
|---|---|---|---|
| 1 | SAMSUNG – 2880 | SAMSUNG – 115l | |
| 2 | CANON LBP 151DW | CANON 337 | |
| 3 | BROTHER – 2321D | BROTHER – 2365 | |
| 4 | KYOCERA --2235DN | KYOCERA – TK-1158 | |
| 5 | KYOCERA – 2201 (Photocopy) | KYOCERA – TK 4109 | |
| 6 | HP 1136A | HP 88A | |
| 7 | HP 1566 | HP 78A | |
| 8 | HP 208 DW | HP 137X | |
| 9 | RICOH SP313DN2V | SP200/SP210 UNI | |

निविदादाता हस्ताक्षर मय सील

## कार्यालयः– जिला एवं सेशन न्यायाधीश, जयपुर महानगर–द्वितीय (राज.)

क्रमांकः– भण्डार / 2024–25 / 561 दिनांकः– 29.11.24

### निविदा सूचना संख्या–1

इस न्यायालय एवं इसके अधीनस्थ न्यायालय तथा विशिष्टि न्यायालयों में प्रिन्टर कार्टिज सामग्री (ऑरिजिनल) क्रय किये जाने हेतु अधिकृत डीलर्स / निर्माताओ आदि से निम्नानुसार मुहरबन्द निविदाये आमन्त्रित की जाती हैः–

| क0स0 | निविदा का नाम | अनुमानित लागत | अमानता राशि | निविदा फार्म शुल्क |
|---|---|---|---|---|
| (1) | प्रिन्टर कार्टिज क्रय वर्ष 2024–25 | रूपये 5.22 लाख | 10,440 / – | 200 / – |

इस कार्यालय से निविदा प्रपत्र निविदा प्रकाशन तिथि से दिनांक 12.12.2024 को दोपहर 1:00 तक क्रय किये जाकर दिनांक 12.12.2024 को अपरान्ह 3:00 बजे तक प्रस्तुत किये जा सकते है जो दिनांक 13.12.2024 को ही अपरान्ह 4:30 बजे क्रय समिति द्वारा उपस्थित निविदादाताओ के समक्ष खोले जावेगें निविदा का सम्पूर्ण विवरण एव शर्ते राज्य सरकार की वेबसाईट www.sppp.rajasthan.gov.in व https://jaipurmetro2.dcourts.gov.in पर तथा इस कार्यालय में देखी जा सकती है।

UBN No. DSM2425GSOB00003.

अध्यक्ष
क्रय समिति
जिला एवं सेशन न्यायालय,
जयपुर महानगर–द्वितीय

क्रमांकः– 565 दिनांकः– 29.11.24

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. श्रीमान जिला एवं सेशन न्यायाधीश, जयपुर महानगर–द्वितीय।
2. श्रीमान प्रभारी अधिकारी, केन्द्रीय लेखा शाखा, जयपुर महानगर–द्वितीय।
3. नोटिस बोर्ड / आदेश पत्रावली / सम्बन्धित पत्रावली।
4. सिस्टम ऑफीसर जयपुर महानगर द्वितीय को लेख है कि उक्त निविदा सूचना व निविदा प्रपत्र विभागीय बेबसाइट पर अपलोड करे।

अध्यक्ष
क्रय समिति
जिला एवं सेशन न्यायालय,
जयपुर महानगर–द्वितीय